RNI No.-MPHIN/2001/14172

जाग उठा हमारा

# आजाद हिन्दुस्तान

AZAD हिन्दुस्तान LIVE

वर्ष-23 अंक- 07 इन्दौर/खरगोन/बड़वाह 14 फरवरी से 20 फरवरी 2023 सम्पादक : नवरत्नमल जैन Email.azadindore@gmail.com पेज-4 वार्षिक मूल्य- 150 रु.

करही मे डॉक्टर पर हमला




करही में भी संगीन अपराध

# करही में दिन दहाडे निजी चिकित्सक पर जानलेवा हमले से फेली सनसनी

## हमलवार युवक को लोगों ने पकड कर किया पुलिस के हवाले, पुलिस की पूछताछ जारी









करही से विशाल बागमार/

**खरगोन जिले के महेश्वर तहसील स्थित प्रमुख व्यापारिक शहर करही में उस समय सनसनी फेल गई जब अचानक एक नीजी क्लीनिक पर इलाज के बहाने आये युवक ने चिकित्सक पर धार धार हथियार से कई वार कर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे चिकित्सक के चहरे पर गंभीर चोटे आई और उन्हे 25 टांके लगाकर गंभीर अवस्था में इलाज के लिए इन्दौर रेफर किया गया है। इस घटना ने शांतप्रिय करही शहर के नागरिकों एवं व्यापारियों में एक दशहत का माहोल पैदा कर दिया है। हालाकि आसपास के लोगों ने साहस का परिचय देते हुये हमला करने के बाद भागते हुये युवक को पकड कर पुलिस के हवाले कर दिया है और अब करही पुलिस इस मामले की जांच कर हमला करने के कारणों का पता लगा रही है।**

### इलाज के बहाने आया हमलवार और ताबडतोड कर दिये डॉक्टर पर वार

यह सुनियोजित हमले की घटना रविवार की है। रविवार सुबह नगर के शासकीय अस्पताल में पदस्थ सुप्रसिद्ध डॉक्टर आकाश पाटीदार के घर पर स्थित क्लिनिक पर एक अज्ञात युवक इलाज के बहाने आया। वहां पर मोजूद डाक्टर आकाश पाटीदार के पिता दिलीप पाटीदार उसका ईलाज प्रारंभ करते उसके पहले ही उस युवक ने धार धार हथियार से ताबडतोड हमले शुरू कर दिये। पिता के शोर मचाने के बाद आसपास के लोगों ने भाग रहे युवक को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया।

### खून से लथपथ दिलीप पाटीदार के शोर मचाने पर लोगों ने पकडा हमलावार को

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के प्राथमिक स्वास्थ केंद्र में पदस्थ डॉ. आकाश पाटीदार सुबह 10 बजे अस्पताल जाने की तैयारी में उपर घर मे ही मोजूद थे। नीचे क्लिनिक में उनके पिता दिलीप पाटीदार बैठे हुए थे। उस दौरान इलाज करवाने के लिए अन्य मरीज भी थे। सुबह करीब 10 बजे एक अज्ञात युवक इलाज के बहाने पहुंचा। उसने इलाज कराने की बात कही। डॉक्टर के पिता दिलीप पाटीदार ने कहा- डाक्टर साहब आ रहे हैं। तुम बैठो। इसके तुरंत बाद युवक ने डॉक्टर के पिता की गर्दन पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया। हमला करने के बाद युवक भाग निकला।

इसके बाद खून में लथपथ पिता ने बाहर आकर शोर मचाया। आसपास के लोगों ने भागते हुए युवक का पीछा कर पुरानी शुगर मिल के आगे खेत से पकड़ा। इस दौरान गंभीर घायल दिलीप पाटीदार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार कर उन्हें इंदौर रैफर किया गया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। इसके बाद थाने से पुलिसकर्मी घटना स्थल पहुंचे। साथ ही थाना प्रभारी दीपक यादव को भी जानकारी दी गई।

### होटल में किया नाश्ता, फिर किया गुनाह

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह युवक ने पहले नगर की एक होटल में नाश्ता किया। उसके बाद एक व्यक्ति से डॉक्टर आकाश पाटीदार के क्लिनिक खुलने का समय पूछा। उसके बाद बदमाश क्लिनिक पर पहुंचा। क्लिनिक खुलने के बाद इलाज का बहाना लेकर अंदर जाकर घटना को अंजाम दिया।

### पुलिस कर रही है धटना के कारणों की पूरी जांच

पुलिसकर्मियों ने मौका निरीक्षण कर क्लिनिक के फर्श, टेबल व अन्य जगहों से गिरे ब्लड के सैंपल लिए। थाना प्रभारी यादव ने बताया विवेक पिता विजयवीर (23) निवासी उज्जैन को गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। जांच में जो भी तथ्य आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

एसडीओपी श्री विनोद दीक्षित ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है लेकिन हमले में घायल श्री दिलीप पाटीदार के बयान लेने के बाद ही पूरा मामला उजागर हो पायेगा। पुलिस अपनी ओर से पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जल्दी ही इस हमले के कारणों का पूरा खुलासा हो सकेगा।

### घटना से शहर में दशहत का माहौल-

इस धटना के बाद व्यापारिक नगरी करही में दशहत का माहोल है। यहां पर सेकडों व्यापारी प्रदेश के कोने कोने से होलसेल में कपडा लेने आते है ऐसे में यहां के व्यापारी एवं बाहर से आने वाले व्यापारी भी चाहते है कि नगर का माहोल शांत प्रिय बना रहे। इस तरह की आपराधिक घटनाओं से लोगों में डर का माहोल पैदा करता है। लोगों की पुलिस से अपेक्षा है कि इस घटना का पूरा खुलासा कर हमलवार को सजा दिलाये जिससे लोगों में डर का माहोल खत्म हो सके।

## अवैध शराब विक्रय से नाराज महिलाओं ने विकास यात्रा में किया विधायक सचिन बिरला का घेराव




बड़वाह - अवैध शराब का कारोबार से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाये कितनी दुखी और परेशान है इसका नजारा सरकार की विकास यात्रा में देखने को मिला। अवैध शराब के लगातार विक्रय से गांव के युवाओं एवं पुरूषों में बढती लत से परेशान महिलाओं ने विधायक सचिन बिरला को विकास यात्रा के दौरान घेर कर अवैध शराब बंद करवाने की मांग की। गांव में अवैध शराब बिक्री को लेकर महिलाओं में खासी नाराजी थी।

उन्होंने विधायक से कहा कि अवैध शराब की बिक्री खुलेआम हो रही है। इससे परिवारों में रोज कलह हो रही है। लोग आपस में झगडे हो रहे हैं। शराब किसी दिन बडी दुर्घटना का कारण बन सकती है। उन्होंने कहा कि पुलिस भी अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश नहीं लगा रही। महिलाएं इस कदर नाराज थीं, उन्होंने विधायक का घेर लिया था।

विधायक ने नाराज महिलाओं को आश्वासन दिया कि वे आबकारी विभाग और टीआई को कार्रवाई करने के लिए निर्देश देंगे। साथ ही यहां बिट प्रभारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह ग्राम नांदिया में भी रहवासियों ने विधायक सचिन बिरला को रोक कर कहा कि कुछ लोग जोशी पूरा मोहल्ले में जुआ खेलते रहते है। अवैध शराब भी गांव में खुले आम बिक रही है। विधायक ने टीआई जगदीश गोयल को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं पिछले दिनों विकास यात्रा के दौरान खमकी बारूल, रावत पलासिया, मट पलासिया, कोदबार बुजुर्ग, काटकूट, महेंदी खेडा सहित अन्य ग्रामों में भी लोगो ने अवैध शराब की शिकायत की थी।

वन-टू-वन सर्वे पर लाभान्वित करे

विधायक ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हितग्राही को मिले। यदि कोई हितग्राही लाभ से वंचित है, तो वह आवेदन दे, उसे भी लाभान्वित किया जाएगा। आयुष्मान कार्ड योजना, लाड़ली योजना सहित केंद्र एवं मध्य प्रदेश सरकार की चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी।

विधायक ने पंचायतों के सचिवों को निर्देश दिए कि मजदूरों की छुट्टी के दिन मंगलवार को ग्राम पंचायतों में शिकायत सुने। यदि किसी योजना के लाभ से वंचित हो तो उन्हें लाभान्वित किया जाए।

### प्राथमिक स्कूल भवन का किया भूमि पूजन

रविवार सुबह ग्राम कदवालिया से विकास यात्रा शुरू हुई। विधायक सचिन बिरला का ग्रामवासियों ने भव्य स्वागत किया। कृषि विस्तार अधिकारी बीएस सेंगर ने विस्तार से शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। सरपंच भगत सिंह ने उद्बोधन में कहा कि पहला प्रधानमंत्री है, जिन्होंने महिलाओं के बारे में सोचा है। शौचालय, पक्का मकान, मुक्त अनाज, गैस टंकी सहित विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।

### जल निगम के कर्मचारियों पर भड़के विधायक

यात्रा के दौरान ग्राम खोडी में रहवासियों ने विधायक को शिकायत करते हुए कहा कि ग्राम खोडी में पानी के लिए परेशान होना पड रहा है। गांव के जल जीवन मिशन के अंतर्गत टंकी का निर्माण, पाइपलाइन भी डाली गई है, लेकिन ग्रामवासियों को पानी नहीं मिल रहा है। इसकी शिकायत जिम्मेदार अधिकारियों को कही बार कर चुके है, लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। यही शिकायत ग्राम नांदिया में रहवासियों ने भी विधायक को की।

यह सुन विधायक नाराज हो गए,उन्होंने जल निगम के अधिकारियों को खूब खरी-खोटी सुनाना। कहा कि अभी भी आपके जिम्मेदार अधिकारी नहीं आए है। यदि विकास यात्रा के पहले समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो में स्वयं ग्रामवासियों के साथ जल निगम के ऑफिस पहुंच कर घेरुंगा, यह आपके अधिकारियों को बता देना।

## कसरावद में सचिन यादव को जीत की हेट्रीक का विश्वास। भाजपा में यादव के विजयरथ को रोकने वाले की तलाश



कसरावद- नवरत्नजैन / सुधीर सर्राफ

**खरगोन जिले में कांग्रेस की सबसे मजबूत सीट कही जाने वाली कसरावद विधानसभा क्षेत्र से निमाड के दिग्गजनेता श्री सुभाष यादव के सुपुत्र एवं पूर्व केन्दिय मंत्री श्री अरूण यादव के छोटे भाई श्री सचिन यादव ने 2023 के विधानसभा चुनाव में जीत की हेट्रीक बनाने के लिये काफी सम्बे समय से अपनी तैयारियां शुरू करदी है। वे लगातार न केवल पूरे विधानसभा क्षेत्र में सक्रीय है बल्कि क्षेत्र में विकास के लिये भी हमेशा प्रदेश सरकार से हर कदम पर लडने को तैयार रहते आये है। विधायक श्री सचिन यादव का कहना है कि मुढे अपने क्षेत्र के मतदाताओं के भरोसे पर पूरा विश्वास है कि इस बार भी यहां कांग्रेस की जीत का परचम लहरायेगा और कसरावद की जनता के लिये जीत की हेट्रीक होगी। श्री सचिन यादव कहते है कि हमारे लिये कसरावद विधानसभा क्षेत्र केवल एक चुनावी क्षेत्र नही बल्कि परिवार की तरह है। पूरे विधानसभा क्षेत्र के लोगों के सुख दुःख में खडा रहना हमारा फर्ज है और हमारा यह प्रयास भी रहता है कि हम हमेशा इस परिवार के लियेखडे रह सके।**

**आपको बतादे कि श्री सचिन यादव प्रदेश के सबसे सक्रीय विधायकों में शुमार है। कांग्रेस की ओर से भी करवाये गये सर्वे में यह बात उभर कर सामने आयी कि प्रदेश के सबसे सक्रीय विधायकों में श्री सचिन यादव का नाम अग्रणी पायदान पर है। यही कारण है कि यहां के लोग उन्हे विधायक नही भैया के रूप में ही पुकारते है। उनका यह पारिवारिक रिश्ता ही कांग्रेस की लगातार जीत एवं भाजपा की लगातार हार का प्रमुख कारण रहा है। यह प्रगाड रिश्ता भी केवल आज का नही बल्कि स्व. श्री सुभाष यादव एवं श्री अरूण यादवके समय से ही लगातार बना हुआ है और अब उसी परम्परा का निर्वाह श्री सचिन यादव कर रहे है**













### भाजपा को है सचिन यादव से मुकाबले के लिये दमदार चहरे की तलाश

खरगोन जिला यू तो भाजपा का गढ कहा जाता है लेकिन कसरावद में भाजपा को अधिकांश बार निराशा का ही सामना करना पडा है। क्यो कि यहां पर यादव परिवार के नाम एवं काम की मजबूत छाया को हटाने में भाजपा को बहुत कम सफलता मिल पाई है। केवल श्री आत्माराम पटेल ने एक बार स्व. श्री सुभाष यादव को हराकर जीत का सेहरा बांधा लेकिन उसके बाद भाजपा कभी जीत को दोहरा नही पाई। अब ऐसे में सबसे बडा प्रश्न यह है कि भाजपा श्री सचिन यादव के सामने किसे मेदान-ए-जंग में उतारेगी और चुनाव में वो चेहरा कितना दम भर पायेगा। आईये नजर डालते है भाजपा के संभावित चेहरों पर..

यदि कसरावद क्षेत्र में जातिगत समीकरणों को देखा जाये तो आत्माराम पटेल का नाम मजबूत उम्मीदवार के रूप में लिया जाता है। श्री पटेल ने ही स्व. श्री सुभाष यादव जैसे दिग्गज नेता को हार का सामना करवाया लेकिन एक बार की जीत के बाद वे कभी उस जीत को दोहरा नही पाये ऐसे में देखना होगा कि भाजपा अपने इस पुराने अनुभवी नेता को ही मेदान में उतारेगी या कोई नया युवा चेहरा मेदान में लेकर आयगी।

कसरावद की उभरती युवा टीम में श्री जितेन्द्रपाटीदार का नाम सबसे सक्रीय नेताओं में लिया जाता है। कसरावद ही नही पूरे जिले में वे भाजपा के कार्यक्रमों आयोजनों में सक्रीय नजर आते है। प्रखर वक्ता एवं जमीनी स्तर पर मजबूत माने जाने वाले श्री जितेन्द्र पाटीदार को शीर्ष नेताओ से लेकर जमीनी कार्यकर्ताओं का प्रिय माना जाता है।

इसी तरह राजेश बडोले पुराने भाजपा नेता है जो ब्राम्हण समाज से आते है। भाजपा को कसरावद में मतबूती देने में श्री बडोले का प्रमुख योगदान है।इसी कडी में श्री राजीव पटेल का नाम भी चर्चा में है। वे मै हूं नर्मदापुत्र अभियान के माध्यम से सामाजिक गतिविधियों संलग्न है साथ ही नमामि गंगें अभियान के प्रदेश संयोजक भी है। यदि पार्टी युवा चेहरों पर दाव लगाती है तो वर्तमान जि. पंचायत अध्यक्ष श्रीमति अनुतंवर के सुपुत्र श्री राजेश तंवर एवं बंटी तंवर भी लाईन में है। अब देखना यह है कि भाजपा की ओर से किस का नाम आगे आता है चुनाव में कितना दम भर पाता है।